
हरिभूमि

# सरगुजा-भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]





सरगुजा महाराज एवं
पूर्व उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
श्री टीएस सिंहदेव जी
को 73 वां जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं अनंत शुभकामनाएं...
विनीत :- कांग्रेस परिवार, जिला - सरगुजा (छ.ग.)

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 अक्षय नवमी पर की गई विधि-विधान से पूजा-अर्चना


## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ धीरेंद्र तिवारी को मिला राज्यमंत्री का दर्जा



**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के योजना, नीति, कृषि व ग्रामीण विकास सलाहकार डॉ. धीरेंद्र तिवारी को राज्यमंत्री का दर्जा दिया गया है। इस संबंध में गुरुवार को सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है। मूलतः अम्बिकापुर के नमना कला निवासी डॉ धीरेंद्र तिवारी की प्रारंभिक शिक्षा शहर के सरस्वती शिशु मंदिर में हुई है। मेडिकल की पढ़ाई बिलासपुर से करने के बाद वे चिकित्सा सेवा देते हुए सामाजिक क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सलाहकार के रूप में कार्य करते हुए उन्हें राज्यमंत्री का दर्जा दिए जाने पर उनके समर्थकों में भारी ख़ुशी है।

### सेजेस की समीक्षा और आलिया ने संभाग स्तरीय प्रश्न मंच में मारी बाज़ी



**रामानुजगंज।** सेजेस रामानुजगंज एवं सेजेस बलरामपुर हिंदी माध्यम की प्रश्न मंच टीमों ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस शानदार उपलब्धि के साथ दोनों टीमों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। सेजेस रामानुजगंज की छात्राएं समीक्षा तिवारी एवं आलिया आफरीन ने अद्भुत प्रतिभा और ज्ञान का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त है। विद्यालय के शिक्षकों का इस सफलता में अहम योगदान रहा। प्राचार्य हरिओम कुमार गुप्ता एवं संपूर्ण विद्यालय शिक्षकों ने विद्यार्थियों को निरंतर प्रोत्साहित किया। शिक्षकों के प्रेरणादायी सहयोग से ही छात्र-छात्राओं ने यह सराहनीय उपलब्धि हासिल की।

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 4 नवम्बर को

**अम्बिकापुर।** जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 4 नवम्बर को 12 बजे कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में जल जीवन मिशन के विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा उपरांत अनुमोदन प्रदान किया जाना है। उक्त बैठक में सर्व संबंधितों को निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

### छालीवुड के प्रसिद्ध गायक सुनील मानिकपुरी देंगे प्रस्तुति

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन एवं जिपं सीईओ एवं नोडल अधिकारी राज्योत्सव श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में राज्योत्सव की तैयारियां जोरों पर है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष होने पर इस वर्ष को रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में राज्योत्सव पर्व के अवसर पर 2 से 4 नवंबर तक भव्य रूप से राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस राज्योत्सव 2025 में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न कलाकार भी शिरकत करेंगे, जहां विभिन्न प्रख्यात कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। राज्योत्सव के पहले दिन 2 नवंबर को अलंकार बैंड एवं टीम के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। दूसरे दिन 3 नवंबर को छालीवुड के प्रसिद्ध गायक सुनील मानिकपुरी के द्वारा प्रस्तुति एवं 4 नवंबर को नासिर एवं टीम अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे।

### मुख्य अभियंता ने किया एनएच के सड़कों का निरीक्षण

# एनएच 43 के लिए वन टाइम इम्प्रूवमेंट के लिए मिली 45 करोड़ रुपए की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रीय राजमार्ग की जर्जर सड़कों के मरम्मत को लेकर उम्मीद जगी है। सड़कों के सुधार का कार्य जल्द ही शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही शहर के बीच से होकर गुजरने वाली एनएच की सड़कों को वन टाइम इम्प्रूवमेंट के तहत सुधारा जाएगा और बाईपास सड़कों के निर्माण का कार्य पूर्ण होने के बाद सड़कों को लोनिवि और ननि के हैंड ओवर कर दिया जाएगा। इस बात की पुष्टि रास्ट्रीय राजमार्ग के मुख्य अभियंता ने की है।

**खास बात**
- मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश

शहर के बीच से होकर गुजरने वाली एनएच के सड़कों की हालत बेहद खस्ताहाल है। सबसे बड़ी बात यह है कि शहर की प्रमुख व्यावसायिक सड़कें एनएच के अधीन आती है और इन सड़कों पर बारिश में बड़े बड़े गड्ढे बन गए है। सड़कों पर गड्ढों के कारण लोगों की दुर्घटना में मौतें हो रही है। जर्जर सड़कों के कारण लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि जर्जर सड़कों के खिलाफ लोगों को पानी व कीचड से भरे गड्ढों में बैठकर विरोध दर्ज कराना पड़ रहा है। हालांकि एनएच के अधीन आने वाली सड़कों के मरम्मत हेतु 8 करोड़ रुपए की स्वीकृति पूर्व में मिली थी जिसके लिए राशि जारी होने के बाद विभाग द्वारा टेंडर जारी किया गया था। टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद एनएच के सड़कों के मरम्मत का काम शुरू होना है लेकिन बारिश ने एक बार फिर से काम पभावित कर दिया है। इस बीच सड़कों की स्थिति और निर्माण को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग के मुख्य अभियंता ज्ञानेश्वर प्रसाद कश्यप सरगुजा पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने एनएच ईई आरडी ताम्बरे, एसडीओ एनएच निखिल लकड़ा व अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। अधिकारियों ने एनएच 130 के साथ ही एनएच 43 और एनएच 343 का निरीक्षण किया। एनएच के सीई ने भी यह माना कि शहर में एनएच के सड़कों की स्थित खराब है हालांकि उन्होंने बारिश खत्म होने और जमीन के ड्राई होने के बाद काम शुरू कराने की बात कही। इस दौरान उन्होंने 8 करोड़ की लागत से होने वाले मरम्मत कार्य को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदार को सड़क का गुणवत्ता पूर्ण निर्माण और निर्धारित समय में काम पूर्ण करने का निर्देश दिया है।



### एनएच 43 के लिए वन टाइम इम्प्रूवमेंट की मंजूरी

इस दौरान एनएच के सीई श्री कश्यप ने बताया कि भारत सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के लिए वन टाइम इम्प्रूवमेंट की मंजूरी दे दी है। शासन की ओर से 45 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है और इस राशि से 10.6 किमी फोर लेन सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस सड़क का निर्माण पूर्ण होने के बाद इसे लोक निर्माण विभाग या ननि को हैंड ओवर कर दिया जाएगा। वन टाइम इम्प्रूवमेंट के लिए भी नए सिरे से टेंडर की प्रक्रिया की जाएगी लेकिन फिलहाल सड़कों के मरम्मत का कार्य करा जाएगा और उन्हें चलने योग्य बनाया जाएगा।

### 18 महीने में पूर्ण होगा बाईपास का काम

गुरुवार को एनएच के सीई कश्यप व अन्य अधिकारियों ने एनएच 43 के बाईपास सड़क निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। बाईपास सड़क के निर्माण हेतु टेंडर की प्रक्रिया पहले ही पूर्ण की जा चुकी है और अब काम शुरू होगा। मुख्य अभियंता ने बाईपास सड़क का काम 18 महीने की निर्धारित अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए है। बता दें कि एनएच 43 पर 21 किलोमीटर लम्बे बाईपास सड़क का निर्माण 165 करोड़ रुपए से कराया जाना है और इसके निर्माण का जिम्मा टीबीसीएल कम्पनी को दिया गया है।

### इंच 343 की सडक हेतु लगा टेंडर

एनएच 343 पर सड़क के निर्माण का काम भी शुरू होने वाला है। अधिकारियों ने इस निर्माण कार्य के लिए भी निरीक्षण कर ठेकेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही यह बात भी सामने आई कि एनएच 343 पर सड़क का काम रजपुरी खुर्द से शुरू होना है। इस बीच महामाया चौक से रजपुरी खुर्द तक 7.8 किमी की सड़क का निर्माण अलग से करना होगा। इसके लिए भी शासन से 1.80 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली हुई है। राशि जारी होने के बाद विभाग द्वारा मरम्मत कार्य के लिए टेंडर जारी किया था लेकिन सिर्फ एक कंपनी ने ही निविदा में हिस्सा लिया। यही वजह है कि फिर से टेंडर जारी किया गया है। अधिकारी एक सप्ताह के भीतर फिर से टेंडर पूर्ण होने की बात कह रहे है।

### गुणवत्ता में नहीं आएगी कमी

हमने एनएच 43, एनएच 343 का का निरीक्षण किया। सड़कों के मरम्मत का काम जल्द शुरू होगा टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। इसके साथ ही एनएच 43 के लिए ऑन टाइम इम्प्रूवमेंट हेतु स्वीकृति मिली है। बाईपास सडक का काम पूर्ण होने के बाद इस सड़क को लोनिवि या ननि को हैंड ओवर किया जाएगा। सड़कों के निर्माण के दौरान गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाएगा। निर्माण सामग्री का उपयोग गुणवत्ता जांच के बाद ही किया जाएगा इसलिए गुणवत्ता को लेकर कोई शिकायत नहीं आएगी।

-**ज्ञानेश्वर प्रसाद कश्यप**, सीई, एनएच



# आतंकवादी हमले में छग के 11 लोगों की जान बचाने वाले नजाकत पहुंचे सरगुजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। सात महीने बाद भी लोगों के जेहन में इस घटना की यादें ताजा है। इस बीच पहलगाम आतंकवादी घटना के दौरान अपनी जान पर खेलकर छत्तीसगढ़ के 11 लोगों की जान बचाने वाले नजाकत अली सरगुजा पहुंचे है। शहर में आने पर उनका स्थानीय युवाओं ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने जम्मू कश्मीर के हालात को लेकर चर्चा भी की।

- गर्म कपड़े का कारोबार करने 15 सालों से आ रहे है जिले में

बता दें कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। इस घटना में देश व दुनिया से आए 22 सैलानी शहीद हो गए थे। इस घटना के दौरान नजाकत अली घटनास्थल पर ही मौजूद थे। नजाकत अली ने बताया कि 22 अप्रैल को वे 11 शैलानियों को लेकर निकले थे और चारों तरफ ख़ुशी का माहौल था लेकिन फिर गोली चलनी शुरू हुई और चारों तरफ दहशत फैल गई। नजाकत अली ने काफी सूझ बूझ के साथ अपने सभी 11 सैलानियों की जान बचाई और उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। नजाकत का कहना है सैलानियों को बचाने के दौरान उसका ममेरा भाई आदिल हुसैन शाह भी शहीद हो गया और सभी की शहादत वे मरते दम तक याद रखेंगे। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद जम्मू कश्मीर में लोगों का कारोबार पूरी तरह से खत्म हो गया है। अप्रैल, मई और जून के महीने में बड़ी संख्या में शैलानी वहां घूमने आते थे जिससे उनका रोजगार चलता था लेकिन घटना के बाद परिस्थितयां बदल गई है। आतंकी हमले ने कश्मीर के व्यापार को पूरी तरह से तोड़ दिया है। वही अब कश्मीर और कश्मीरी को संभलने में वक्त लगेगा। बता दें कि नजाकत अली ठण्ड के मौसम में हर साल गर्म कपड़े की बिक्री करने के लिए सरगुजा आते है। नजाकत 2010 से लगातार छग आ रहे है जबकि उनके पिता 2001 से इस कारोबार के लिए सरगुजा आते है।

# अवैध धान लोड 3 पिकअप जब्त, तीन घरों में मिला 1135 बोरी से अधिक धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अभी धान खरीदी शुरू होने में एक पखवाड़े से अधिक समय शेष है लेकिन कोचियों ने अभी से समितियों में पड़ोसी राज्यों का धान खपाने की तैयारियां जोरशोर से शुरू कर दी है। कोचियों ने जगह-जगह यूपी का धान भण्डारित कराया है वहीं हर दिन विभिन्न मार्गों से कोचिए पिकअप से बाहर का धान मंगा रहे हैं। इधर कोचियों का अवैध धान पकड़ने प्रशासनिक टीमें पूरी रात अलग-अलग मार्गों में अवैध धान परिवहन कर कार्रवाई कर रही है।

- एसडीएम के नेतृत्व में राजस्व अमले ने की छापामार कार्रवाई, कोचिए यूपी से ला रहे धान

बीती रात रामानुजगंज एसडीएम आनंदराम नेताम के नेतृत्व में राजस्व अधिकारियों ने त्रिसुली के रास्ते सहकारी समितियों में खपाने के उद्देश्य से यूपी का धान ला रहे तीन पिकअप को जब्त किया। श्री नेताम रात्रि 11.30 बजे नायब तहसीलदार आईसी यादव, चार हल्का पटवारी एवं अपने सुरक्षाकर्मियों को साथ लेकर ग्राम पंचायत त्रिशुली की ओर निकले थे। दूरस्थ एवं कम यातायात वाला छोटा मार्ग होने के कारण कोचिए इसी मार्ग से यूपी का धान सीमावर्ती रामानुजगंज क्षेत्र में लेकर आते हैं। इस दौरान यूपी की ओर से पिकअप क्रमांक यूपी 64 डीटी 2405 को आते देखा तो रोका। जांच करने पर पिकअप में धान मिला। चालक के पास धान से संबंधित कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने के कारण टीम ने जब्ती की कार्रवाई की। राजस्व विभाग की पूरी टीम रात भर आसपास के क्षेत्रों में घूमती रही। इस दौरान टीम ने अलग-अलग स्थानों पर धान लोड पिकअप क्रमांक 64 सीटी 4406 एवं यूपी 64 सीटी 6436 को जब्त कर विजय नगर पुलिस चौकी में खड़ा कराया है। हर पिकअप में 60 से 65 बोरी धान लोड है।



### तीन घरों में मिला अवैध धान

जब्त धान लोड पिकअप को सुपुर्द करने के दौरान चौकी प्रभारी ने ग्राम विजय नगर स्थित कुछ घरों में कोचियों द्वारा अवैध धान भण्डारित कराने की सूचना दी। सूचना पर गुरूवार को दोपहर एसडीएम के नेतृत्व में टीम ने छापामार कार्रवाई की। विजयनगर निवासी शाहिद अनवर के मकान में शमीम अंसारी द्वारा किराए के कमरे में 885 बोरी तथा मकबूल अंसारी के घर में 250 बोरी धान भण्डारित मिला। टीम ने गांव के अन्य एक घर में भी भारी मात्रा में अवैध धान पकड़ा है जिसकी गिनती चल रही है। एसडीएम श्री नेताम ने बताया कि अभी ग्रामीणों के घरों में भंडारित धान की गणना की जा रही है। इन घरों में 1135 बोरी से अधिक धान होने का अनुमान है। आसपास के कुछ ग्रामीणों द्वारा भी अवैध धान का परिवहन एवं भण्डारण कराने की आशंका है। ऐसे ग्रामीणों पर नजर रखी जा रही है।



# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के गोधनपुर में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। क्षेत्र में लगभग एक घंटे तक हंगामा जारी रहा। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाइश के बाद मामला शांत कराया। इस मामले में एक पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने दस लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज किया है।

- दस के खिलाफ अपराध दर्ज

बताया जा रहा है कि गोधनपुर निवासी नीलम देवी सब्जी व्यवसाय करती है। आरोप है कि 29 अक्टूबर की रात 10 से अधिक लोग उसके दुकान में घुस आए और गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट की। इस घटना के दौरान महिला का भतीजा प्रिंस गुप्ता भी मौजूद था। इस मामले में पुलिस ने महिला की शिकायत पर दस लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(1), 191(2), 296, 351(3), 115(2), 324(4) के तहत अपराध दर्ज किया है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पूरा विवाद चाकू दिखाने से शुरू हुआ था। युवक को चाकू दिखाने से नाराज युवकों ने इसका विरोध जताया था जिसके बाद विवाद शुरू हुआ और यह विवाद बढ़ता ही गया। स्थिति बिगड़ने के बाद स्थानीय लोगों के पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर समझाइश देने का प्रयास किया। इस दौरान क्षेत्र में लगभग एक घंटे तक विवाद की स्थिति बनी रही। हालांकि दूसरे पक्ष की ओर से अब तक किसी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पूरे घटना की मुख्य वजह पुरानी रंजिश बताई जा रही है।



### नशेड़ियों का अड्डा बना क्षेत्र

बताया जा रहा है कि गोधनपुर क्षेत्र नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। क्षेत्र में चाय-सुट्टा की आड़ में जमकर नशे का कारोबार चल रहा है। युवाओं को नशे का सामान अवैध रूप से परोसा जा रहा है जिससे क्षेत्र के युवाओं को भी नशे की लत लग चुकी है और यही वजह है कि क्षेत्र में आए दिन विवाद और मारपीट की घटनाएं भी होती रहती है। नशे में धुत युवा उत्पात मचा रहे है जिससे क्षेत्र का माहौल भी बिगड़ रहा है। नशे के इस अवैध कारोबार से क्षेत्रवासियों में आक्रोश का माहौल है। लोग लगातार अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई और नशे के कारोबार पर रोक लगाने की मांग कर रहे है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# चक्रवाती तूफान मौथा पड़ा कमजोर, अब होगा घने कोहरे से सामना

**अम्बिकापुर।** चक्रवाती तूफान मोंथा अब कमजोर पड़ गया है लेकिन तूफान का प्रभाव अभी बना हुआ है तथा झारखंड एवं बिहार की ओर अग्रसर है। तूफान के कमजोर पड़ने के कारण अब सरगुजा में इसका विशेष प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है लेकिन वातावरण में मौजूद नमी के प्रभाव से बीच-बीच में बादलों की आवाजाही जारी रहने के साथ्ज ही कहीं-कहीं फुहारे गिरने की संभावना है।

चक्रवाती तूफान मोंथा के कमजोर पड़ने के बाद मौसम विज्ञानी शुक्रवार से मौसम साफ होने एवं धूप निकलने की संभावना व्यक्त कर रहे है। तूफान का प्रभाव झारखंड एवं बिहार की ओर बढ़ रहा है इसके बावजूद वातावरण में मौजूद नमी के प्रभाव से कहीं-कहीं फुहारे पडने के साथ ही आगामी दिनों में सुबह-शाम घने कोहरे का सामना करना पड़ सकता है। दस दिनों पूर्व न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। साथ ही सुबह-शाम ठंड लग रही थी। खाड़ी में हलचल होने के बाद से ही आसमान पर बादलों की सक्रियता बढ़ने से उमस का सामना करना पड़ रहा है। बादलों के छंटते ही एक बार फिर से तापमान में क्रमशः गिरावट होने की संभावना है। हालांकि अभी हवा की दिशा नहीं बदलती है। मौसम विज्ञानी हवा दिशा उत्तरी एवं पश्चिमोत्तर होने पर हल्की ठंड पड़ने के साथ शुष्कता बढ़ने की संभावना व्यक्त कर रहे है। गुरुवार को घने बादलों के बीच धूप निकली, साथ ही शाम 4 बजे हल्की वर्षा हुई। वर्षा के बाद तापमान में गिरावट होने के कारण हल्की ठंड महसूस हुई। शुक्रवार को मौसम साफ होने पर दिन के तापमान में वृद्धि होने एवं रात के तापमान में क्रमशः गिरावट होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम कार्यालय द्वारा गुरुवार को अधिकतम तापमान 27.00 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 22.3 डिग्री सेल्सियस एवं बुधवार की रात 2.0 मिमी तथा शुक्रवार को 0.7 मिमी वर्षा रिकार्ड किया गया है।

### रायपुर बास्केटबॉल में सिरमौर, आज किया जाएगा समापन

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान सरगुजा ने क्रिकेट मैच में हासिल की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में चल रही 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तीसरे दिन खिलाड़ियों के जोश और रोमांच से मैदान गूंज उठा। विभिन्न खेलों में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। इस प्रतियोगिता का समापन 31 अक्टूबर को किया जाएगा।

अंडर-14 क्रिकेट बालक वर्ग में सरगुजा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतिम गेंद पर बिलासपुर को हराकर रोमांचक जीत दर्ज की। सरगुजा की टीम की इस जीत ने दर्शकों का दिल जीत लिया। बैडमिंटन (14, 17 और 19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग) की टीम चैंपियनशिप के परिणाम भी घोषित किए गए, जिनके आधार पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की टीम का चयन किया गया। प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचे अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के दौरान जिला स्तरीय अधिकारी रविशंकर पाण्डेय, भरत अग्रवाल और संजीव सिंह ने विभिन्न आवास स्थलों का निरीक्षण किया तथा खिलाड़ियों की भोजन व्यवस्था और सुविधाओं की जानकारी ली।



फुटबॉल मुकाबलों में भी जबरदस्त खेल देखने को मिला। 19 वर्ष बालिका वर्ग में बस्तर ने बिलासपुर को 10 गोल से पराजित किया, जबकि रायपुर और दुर्ग का मुकाबला बिना गोल बराबरी पर समाप्त हुआ। समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा विभिन्न खेलों में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के समापन समारोह में वित्त मंत्री ओपी चौधरी, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो सकते है जबकि कार्यक्रम अध्यक्षता करेंगे पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल करेंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम में लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, छग गृह निर्माण मण्डल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, राज्य युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी एवं जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव उपस्थित रहेंगे।

### बास्केटबॉल में सरगुजा ने हासिल की जीत

बास्केटबॉल में अंडर-17 बालक वर्ग में सरगुजा ने बिलासपुर को हराकर शानदार जीत दर्ज की। 14 वर्ष बालिका वर्ग में बिलासपुर ने बस्तर को पराजित किया। 17 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर ने दुर्ग को हराकर अपनी बढ़त बनाए रखी।19 वर्ष बालक वर्ग में बस्तर ने दुर्ग को 1 बास्केट के अंतर से हराया। वहीं 17 वर्ष बालक वर्ग में रायपुर ने उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए सिरमौर का खिताब अपने नाम किया। 19 वर्ष बालिका वर्ग में सरगुजा की बालिकाओं ने दुर्ग को हराकर अपना वर्चस्व बरकरार रखा। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि इस टूर्नामेंट में अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी दिव्या रंगारी (रायपुर संभाग) और राष्ट्रीय खिलाड़ी अनामिका चौबे ने भी भाग लिया जिससे खिलाड़ियों को प्रेरणा मिली।

**खबर संक्षेप**

## बोलेरो की टक्कर से गंभीर महिला की मौत

**अम्बिकापुर।** रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम दुर्गापुर गड़री निवासी मोहर मनिया गत दिन शाम को दुकान में मोबाइल रिचार्ज कराने गई थी। रिचार्ज कराने के पश्चात पैदल घर लौट रही थी और जैसे ही दुकान से कुछ दूर पहुंची तभी पीछे से आ रहे बोलेरो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए महिला को टक्कर मार फरार हो गया। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### व्रतियों ने मंदिर सहित पिकनिक स्पॉट में किया आंवला पूजन

# अक्षय नवमीं पर की गई विधि-विधान से पूजा-अर्चना



आंवला पेड़ की पूजा करतीं महिलाएं।

## आंवला नवमीं पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल, मां महामाया मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित मां महामाया मंदिर एवं पहाड़ी स्थित मंदिर वाले पेड़ के नीचे गुरुवार को आंवला नवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों का आना शुरू हो गया था। मंदिर परिसर में भक्तों ने परंपरागत रूप से वाला आंवला पेड़ की परिक्रमा कर पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। भक्तों ने पेड़ के नीचे विभिन्न प्रकार के पकवान बनाकर मां महामाया को भोग लगाया। किसी ने पूरी-सब्जी तो किसी ने खीर-पूड़ी, हलवा और अन्य पारंपरिक व्यंजन तैयार किए। पूरे दिन मंदिर परिसर भक्ति गीतों और देवी भजनों से गूंजता रहा। महिलाएं समूह बनाकर आंवला नवमी की कथा सुनने बैठीं और एक-दूसरे को आंवला का प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर मां महामाया मंदिर के पुजारी पंडित जितेंद्र पांडे ने बताया कि कार्तिक शुक्ल नवमी के दिन आंवला नवमी का पर्व मनाया जाता है। शास्त्रों में वर्णित है कि इस दिन आंवला वृक्ष की पूजा करने से सभी प्रकार के पापों का नाश होता है और व्यक्ति के जीवन में सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य का वास होता है। उन्होंने बताया कि आंवला को भगवान विष्णु का प्रिय फल माना गया है, इसलिए इस दिन विशेष रूप से विष्णु भगवान और आंवला वृक्ष की आराधना की जाती है। मंदिर परिसर में नगर वासियों ने मिलकर साफ-सफाई अभियान चलाया और भक्तों के लिए जलपान एवं प्रसाद की व्यवस्था की। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा वातावरण भक्ति, श्रद्धा और उत्साह से सराबोर दिखाई दिया। नगर में आंवला नवमी का पर्व पारंपरिक उल्लास और धार्मिक आस्था के साथ संपन्न हुआ, जिसमें नगर वासियों ने एकजुट होकर संस्कृति और परंपरा के इस सुंदर पर्व का आनंद लिया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अक्षय नवमी के अवसर पर आज बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आंवला पेड़ के नीचे विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना की तथा परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। सुबह से ही मंदिर परिसर व पिकनिक स्थल में मौजूद आंवला पेड़ के नीचे श्रद्धालुओं की भीड़ होने से रौनक बनी रही।

**खास बात**

- आंवला पेड़ के नीचे परिवार के साथ किया प्रसाद ग्रहण

कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष को अक्षय नवमी के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि नवमी से लेकर पूर्णिमा तक आंवला पेड़ में भगवान विष्णु का वास होता है तथा इस दिन पेड़ के नीचे विधि-विधान से पूजा अर्चना करने पर व्रतियों की मनोकामना पूर्ण होती है। अक्षय नवमी के अवसर पर आज सुबह से ही मंदिर परिसर स्थित आंवले पेड़ के नीचे बडी संख्या श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचे। इसके अलावा संजय पार्क, बाकी डेम व घुनघुट्टा बांध में भी काफी संख्या में लोग आंवला पेड़ की विधि-विधान से पूजा कर परिवार की खुशहाली की कामना की। इस दौरान सहपरिवार आंवले पेड़ के नीचे प्रसाद ग्रहण किया। अक्षय नवमी पर आज शहर के प्रायः सभी पार्क में श्रद्धालुओं की भीड़ रही तो वहीं शहर के दुर्गा मंदिर, सांड़बार बेरियर समीप वन देवी मंदिर सहित अन्य मंदिर परिसर स्थित आंवला पेड़ के नीचे पूजा अर्चना करने पहुंचे। इसके अलावा शहर से लगे खैरबार स्थित बांकी डैम व दरिमा क्षेत्र के घुनघुट्टा बांध के समीप स्थित आंवले पेड़ की पूजा अर्चना करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इन क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ होने से पिकनिक जैसा माहौल निर्मित रहा।

## बाइक भिड़ंत में गंभीर एक ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम पंडी डांड़ में बाइक भिड़ंक होने से गंभीर एक ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंडार गांव निवासी हरिचरण आ. नान ठाकुर कंवर (35 वर्ष) बुधवार की दोपहर बाइक से ग्राम गरईडांड़ से वापस आ रहा था। जैसे ही पंडरीडांड़ के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रहे बाइक से आमने-सामने भिड़ंत हो गया जिससे बाइक सवार हरिचरण गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नारायण मंडल आ. स्व. फकीरचंद मंडल निवासी सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर स्थित पुर्नवास पट्टे की भूमि खसरा नंबर 236 रकबा 2.520 हे. भूमि में से रकबा 7.1/2 डिसमिल भूमि को अनावेदक पंकज सोनी आ. उमेश सोनी जाति सोनार निवासी चांदनी चौक अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राशि रूपये 12,00,000/-में बिक्री करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र न्यायालय श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनाक 19/11/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर**

# डांस ऑडिशन में 25 ग्रुप ने किया शानदार प्रदर्शन

**अम्बिकापुर।** अनोखी सोच संस्था के तत्वावधान में आयोजित ग्रुप डांस ऑडिशन भव्य कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। डांस ऑडिशन में शहर के अलावा अन्य राज्यों के विभिन्न शहरों के प्रतिभाशाली कलाकारों ने मंच पर अपनी शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। डांस ऑडिशन में कुल 25 ग्रुप ने भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुतियां दीं, जिनमें पारंपरिक, बॉलीवुड, फ्यूजन और हिप-हॉप जैसे विविध रंग देखने को मिले। निर्णायक मंडल द्वारा सभी प्रस्तुतियों का मूल्यांकन कर 15 प्रतिभागियों को सेमीफाइनल के लिए चयनित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रथम महिला महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, विद्यानंद मिश्रा, विकास पांडेय, अशोक सोनवानी, सालेम केरकेट्टा, दीपक सिंह तोमर, शैलू सिंह, जितेंद्र सोनी थे। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों और युवाओं की प्रतिभा को पहचान दिलाते हैं। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में अंजनी पांडेय, मो. शिफ्ते हसन, श्रीमती रवींद्र कौर, श्रीमती मीरा साहु, श्रीमती भारती वर्मा एवं ईशनीत कौर अरोरा रही। संस्था के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू ने बताया कि यह कार्यक्रम संस्था द्वारा आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक श्रृंखला का एक भाग है। इसमें सीनियर, जूनियर और ग्रुप डांस की अलग-अलग श्रेणियों में प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इस श्रृंखला का ग्रैंड फिनाले 2 नवम्बर को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा, जिसमें सेमीफाइनल से चयनित प्रतिभागी फाइनल मंच पर अपना प्रदर्शन करेंगे। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार और सम्मान प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान अभय साहू, लालजी साहू, भोला रक्सेल,जवाहर साहू, संजीव चटर्जी, लरंग मुंडा, नीरज, सुभाष, संदीप मुदलियार, अजय, राहुल, आंनद, रोहित सिंह, अवधेश केरकेट्टा, विशाल, रमेश, मुकेश मुंडा, विजय राजवाड़े सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोपाल सरकार आ. भवेदन सरदार निवासी सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर स्थित पुर्नवास पट्टे की भूमि खसरा नंबर 212/1 रकबा 0.570 भूमि में से रकबा 0.044 हे. भूमि को रूपये 39,00,000.00 में अनावेदक दीपक सोनी आ. उमेश सोनी, पंकज आ. उमेश सोनी दोनों निवासी चांदनी चौक अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर के पास बिक्री करने की अनुमति हेतु आवेदन न्यायालय कलेक्टर महोदय सरगुजा में प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनाक 19/11/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर**

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**:: ईश्तहार::**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मिश्रा दास स्व. गेदा राम निवासी परसा थाना अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर ने कराया है कि आवेदक के (नानाजी) स्व. गेंदा राम आ. स्व. घासी की दिनांक 08/06/1993 को स्थान निवास में हुई है।

आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयक नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवश तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 22/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा, छ.ग.**












































**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नेपाल सरदार आ. भवेदन सरदार निवासी सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर स्थित पुर्नवास पट्टे की भूमि खसरा नंबर 212/2 रकबा 0.420 हे. भूमि में से रकबा 0.016 हे. भूमि को रूपये 9,75,000.00 में अनावेदक पंकज सोनी आ. उमेश सोनी निवासी चांदनी चौक अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर के पास बिक्री करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र न्यायालय कलेक्टर महोदय सरगुजा में प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनाक 19/11/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर**


# आप दीर्घायु हों



सरगुजा महाराज एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री
मा. टी.एस. सिंहदेव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ. प्रीतम राम
पूर्व विधायक-सामरी विधानसभा क्षेत्र
रामदेव राम
पूर्व विधायक-लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र
सौजन्य : राम हॉस्पिटल एवं डायग्नोस्टिक सेंटर, राजपुर



सरगुजा महाराज
एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री
मा. टी.एस. सिंहदेव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
Happy Birthday
प्रमोद चौधरी
पूर्व उपसभापति
नगर पालिक निगम अंबिकापुर


सरगुजा महाराज
एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री
मा. टी.एस. सिंहदेव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
हिमांशु जायसवाल
प्रदेश उपाध्यक्ष
NSUI छत्तीसगढ़


सरगुजा महाराज
एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री
मा. टी.एस. सिंहदेव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ. अजय तिर्की
पूर्व महापौर-नगर पालिक निगम अंबिकापुर


जीवेत
शरदः
शतम्
सरगुजा महाराज
एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री
मा. टी.एस. सिंहदेव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
शैलेष पाण्डेय (सूरज)
रत्नेश पाण्डेय (चंदा)
शास्त्री एग्रो इंडस्ट्रीज
अधिकृत विक्रेता-महिन्द्रा ट्रैक्टर्स
जिला-सूरजपुर


आप दीर्घायु हों
सरगुजा महाराज
एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री
मा. टी.एस. सिंहदेव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
अंचल ओझा
अंबिकापुर


आप दीर्घायु हों
सरगुजा महाराज
एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री
मा. टी.एस. सिंहदेव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
शफ़ी अहमद
पूर्व अध्यक्ष
श्रम कल्याण मंडल छ.ग. शासन

## खबर संक्षेप



### सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत सेमिनार में दी गई जानकारी

**सीतापुर।** भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक करने शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में सतर्कता जागरूकता के तहत सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्नव चटर्जी क्षेत्रीय प्रबंधक एचपीसीएल बिलासपुर ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आर्थिक राजनैतिक एवं सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। जिसकी वजह से देश की कई सारी व्यवस्था चरमरा गई है। इस पर रोकथाम के लिए देश के हर युवा, सरकार, नागरिक एवं निजी क्षेत्रों को आगे आना होगा तभी देश से भ्रष्टाचार का उन्मूलन हो पायेगा। विशिष्ट अतिथि राहुल रमन एमआईएस प्रबंधक एचपीसीए बिलासपुर ने कहा कि सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल को राजनीतिक प्रशासनिक राष्ट्रीय एकता के लिए निर्भीक निर्णय एवं ईमानदार के रूप में जाने जाते है। उन्ही की याद में प्रति वर्ष यह सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। विक्रय प्रबंधक एचपीसीए विक्रय क्षेत्र अंबिकापुर के अमृत प्रत्यय गुप्ता ने भ्रष्टाचार संबंधी शार्ट वीडियो एवं उदाहरण के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस के टोप्पो ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम संयोजक बीआर चौहान ने कहा कि युवा एवं आम जनता को पूरी ईमानदारी के साथ जीवन जीना चाहिए एवं कानून का पालन करना चाहिए। सेमिनार का संचालन कार्यक्रम अधिकारी रासेयो डॉ. रोहित बारगाह ने किया।

### तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**सूरजपुर।** तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने चुनाव के समय में कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी के रूप घोषणा किया गया था जिसके संबंध में ध्यान आकर्षण करने हेतु मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में 9 बिंदुओं की प्रमुख रूप से मांग है जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारी एवं पेंशनरों को केंद्रीय कर्मचारियों की भांति देय तिथि से महंगाई भत्ता तथा पेंशनरों को महंगाई राहत दिए जावे एवं डीए एरियर्स की राशि जीपीएफ खाते में समायोजित करने, केंद्रीय कर्मचारियों एवं अविभाजित मध्य प्रदेश के कर्मचारियों की भांति सेवानिवृत्ति पर कर्मचारियों को भी 240 दिन के स्थान पर 300 दिवस का अवकाश नगदीकरण आदेश जारी करने, संविदा, दैनिक, अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित किए जाने सहित अन्य मांग शामिल है। इस दौरान शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मनीष, दीपक साहू, आदित्य शर्मा, बिंदेश गुप्ता, मयंका राजवाड़े, रवि पैकरा गणेश्वर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## निधन

### आनंद राम बिंझिया

**बिश्रामपुर।** भाजपा शिवनंदनपुर मंडल महामंत्री, हायर सेकेंडरी स्कूल जयनगर के सांसद प्रतिनिधि व ग्राम पंचायत जयनगर गोपालपुर निवासी



देवशरण सिंह के पिता सेवानिवृत्त कॉलरी कर्मी आनंद सिंह बिंझिया का गुरुवार को अल सुबह रायपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी व चार पुत्र एक पुत्री सहित भरापुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं। स्व.आनंद सिंह बिंझिया सनातन धर्म संत समाज आश्रम कुंजनगर के वरिष्ठ संत रहे।

## पोर्टल पर रकबा दर्ज नहीं होने से किसान परेशान

# भुइयां पोर्टल से आधा दर्जन गांव के किसानों का रकबा गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ऑनलाइन गिरदावरी में अनेक गांवों का रकबा गायब होने के कारण किसान परेशान हैं। गिरदावरी में वन अधिकार पत्र धारकों के रकबा की भी जानकारी नहीं मिल रही है। किसानों का कहना है कि ऑनलाइन गिरदावरी का रकबा भूइयां पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया तो वे समितियों में धान बेचने से वंचित हो जाएंगे।

**खास बात**

- समितियों में नहीं बेच सकेंगे अपनी उपज

शासन द्वारा इस बार ठेके पर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के माध्यम से ऑनलाइन गिरदावरी कराई गई थी। गांव के एंड्रायट मोबाइल धारक युवकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण देकर ऑनलाइन गिरदावरी करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। 30 सितम्बर तक सॉफ्टवेयर में ऑनलाइन गिरदावरी कराने के बाद पटवारियों के माध्यम से चिन्हित रकबे का भौतिक सत्यापन भी करा इसकी जांच की गई। ऑनलाइन गिरदावरी पूरी होने के बाद दावा आपत्ति मंगाकर सभी का निराकरण किया गया। शासन द्वारा 31 अक्टूबर तक किसानों का पंजीयन कराने की तिथि निर्धारित की गई है लेकिन साफ्टवेयर में अनेक गांवों का रकबा होने के कारण किसानों की समस्या बढ़ गई है। साफ्टवेयर में किसानों के रकबा का जानकारी उपलब्ध नहीं होने के कारण किसान अपनी उपज समितियों में नहीं बेच सकेंगे। प्रारंभ में वन अधिकार पत्र धारकों के भूमि की ऑनलाइन गिरदावरी नहीं की गई थी। बाद में प्रशासन द्वारा ऐसे कृषकों की अलग गिरदावरी कराई गई थी लेकिन भूइयां पोर्टल में वन अधिकार पत्र धारकों के रकबे की भी जानकारी उपलब्ध नहीं है। किसानों को धान विक्रय के लिए पंजीयन कराने में भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अंतिम तिथि के पूर्व सॉफ्टवेयर में किसानों का रकबा दुरूस्त नहीं किया गया तो किसान अपनी उपज बेचने से वंचित हो जाएंगे।



धान काटती महिलाएं।

**इन गांवों में समस्या**

निर्धारित समय में ऑनलाइन गिरदावरी होने के बावजूद भूइयां पोर्टल पर ग्राम खैरबार, बधिया चुंआ, खलिबा, बलसेड़ी, कुल्हाड़ी के ग्रामीणों का रकबा शून्य हो गया है। कुछ किसानों का रकबा दर्ज भी है तो 10 एकड़ का रकबा 40 डिसमिल में सिमट गया है। प्रभावित किसान राजस्व अधिकारियों का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन अधिकारी कुछ आवश्यक उपाय नहीं बता रहे हैं। थक-हारकर कृषकों ने जनपद अध्यक्ष विक्रम सिंह सोनपाकर के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंप समस्या का निराकरण करन की मांग की। अधिकारियों का कहना है कि अब सॉफ्टवेयर में रकबे का सुधार एनआईसी के माध्यम से ही संभव है। जिसके लिए आवश्यक पहल की जा रही है।

**विक्रय में नहीं होगी समस्या**

ऑनलाइन सर्वे के बाद किसानों को धान विक्रय में कोई समस्या नहीं होगी। डीएलएफ पोर्टल पर जिन किसानों का रकबा अपलोड किया गया है उनका धान खरीदा जाएगा। धीरे-धीरे सभी किसानों का रकबा भुइयां सॉफ्टवेयर पर अपलोड हो जाएगा।

-**पीएस दीवान**, उप संचालक, कृषि



## सब्जी व्यावसायी महिला के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम पंचायत सोनवाही जंगल में रविवार की सुबह महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने के मामले में पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार कर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा ली है।

लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत सोनवाही निवासी 37 वर्षीय सुरमिला राजवाड़े पति हुकुम साय हर दिन की तरह 25 अक्टूबर को दोपहर तीन बजे के आसपास सब्जी बेचने अंबिकापुर गई थी। वह रोज रात 9-10 बजे तक घर लौट आती थी, पर उस दिन वह नहीं लौटी। अगले दिन रविवार को गांव के स्कूल मैदान में क्रिकेट खेल रहे बच्चों ने महिला का शव झाड़ियों के बीच सीपीटी गढ्ढे के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में पाया था, मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने देखा कि सुरमिला के चेहरे और कान के पास खून के निशान थे। जिसकी सूचना तत्काल पुलिस व ग्रामीणों को दी गई थी। सूचना पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर एएसपी संतोष कुमार महतो व एसडीओपी अभिषेक पैकरा के मार्गदर्शन में अलग-अलग पुलिस टीम गठित कर आरोपी की शिनाख्त शुरू की गई थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने सोनवाही, लटोरी, अंबिकापुर और आसपास के चौक-चौराहों पर दुकानदारों और राहगीरों से पूछताछ की। कई लोगों ने बताया कि सुरमिला को एक ऑटो में सवार होकर घर की ओर जाते हुए देखा गया था। इसके बाद पुलिस ने अम्बिकापुर, सूरजपुर के कई ऑटो चालकों से पूछताछ की। तकनीकी जांच, मोबाइल लोकेशन और बयान के तार जोड़ते हुए पुलिस ने संदेही ऑटो चालक 30 वर्षीय राहुल कुशवाहा पिता अनिल कुशवाहा तक पहुंच बनाई, जो मूलतः ग्राम रजबांध सलका थाना उदयपुर जिला सरगुजा का निवासी है और वर्तमान में ग्राम पंचायत गणेशपुर थाना जयनगर में रहता है। पूछताछ में आरोपी राहुल कुशवाहा ने शुरू में पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करता रहा, लेकिन कड़ी पूछताछ के बाद वह टूट गया। उसने कबूल किया कि गत दिनों 25 अक्टूबर की रात 10.30 बजे उसने सुरमिला को अंबिकापुर से अपनी ऑटो क्रमांक सीजी 15 डीसी 4345 में घर लाते समय सोनवाही चौक के पास वाहन को रोक लिया था। आरोपी राहुल कुशवाहा ने महिला के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करने की कोशिश की, पर सुरमिला ने डटकर विरोध करते हुए धमकी दी कि वह उसकी करतूत सबको बताएगी। तब आरोपी ने गुस्से में आकर उसका गला दबाकर हत्या कर दिया और शव को डीपीसी गड्ढे में फेंक दिया था।पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर ऑटो वाहन को भी जब्त कर लिया है। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने टीम की इस सफलता को सतर्कता, तकनीकी दक्षता और सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया है। अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में जयनगर थाना प्रभारी टीआई रूपेश कुंतल एक्का, लटोरी चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक अरुण कुमार गुप्ता, सायबर सेल प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक राकेश यादव, प्रधान आरक्षक रामनिवास तिवारी, आनंद सिंह, आरक्षक विकास मिश्रा, शोभनाथ कुशवाहा, अंबिका मरावी, सुनील एक्का, संतोष जायसवाल, मनोज सिरदार, कुंदलाल राजवाड़े, ललन सिंह, इंद्रजीत सिंह, महिला आरक्षक मालती, शोभा एक्का सक्रिय रहे।

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

## भाजपा की योजनाएं हर वर्ग तक पहुंचाना हमारा संकल्प : जांगड़े

**अम्बिकापुर।** संकल्प भवन में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सनम जांगड़े के प्रथम सरगुजा आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने संगठन विस्तार एवं आगामी रणनीति को लेकर चर्चा की। बैठक में श्री जांगड़े ने कहा कि भाजपा का अजा मोर्चा संगठन का अभिन्न अंग है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक भाजपा की नीतियों को पहुंचाने की जिम्मेदारी हमारी है। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प के साथ समाज के हर वर्ग को सम्मान और अवसर देने का कार्य कर रही है। मोर्चा के प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता को गांव-गांव जाकर केंद्र और राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचानी चाहिए। वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा पार्टी की रीढ़ है। समाज के उत्थान के लिए हमें जमीन पर उतरकर कार्य करना होगा। जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने कहा कि भाजपा का मूलमंत्र सेवा है और हमें समाज के सबसे निचले स्तर तक पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुननी होंगी। प्रदेश मंत्री अवधेश सोनकर ने कहा कि संगठन तभी सशक्त होता है जब उसमें समर्पण और अनुशासन दोनों का समावेश हो। जिला अध्यक्ष नकुल सोनकर ने कहा कि सरगुजा में अनुसूचित जाति मोर्चा तेजी से अपने विस्तार की दिशा में बढ़ रहा है। हर मंडल, हर बूथ तक संगठन को सक्रिय करने का लक्ष्य लेकर हम कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े के नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिली है। बैठक को अंबिकेश, त्रिलोक कपूर कुशवाहा एवं अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। इस दौरान जिला महामंत्री अरूणा सिंह, उपाध्यक्ष मधु चौदहा, उपाध्यक्ष विकास पाण्डेय, आलोक दुबे, राजाराम नायक, ध्रुव कुमार रवि, अनिल जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर एकता दौड़ आज

**बलरामपुर।** भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर 31 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) का आयोजन किया गया है। यह दौड़ पुराना बस स्टैण्ड (कलेक्टर बंगला) से प्रारम्भ होगा और हाई स्कूल बलरामपुर के खेल मैदान में समाप्त होगा। गौरतलब है कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती है और इस दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। एकता दौड़ में महिला, पुरूष, खिलाड़ी, विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि, नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी सहित सभी वर्ग भाग ले सकते हैं।

## शिवनंदनपुर नपं के विकास कार्य हेतु पहली किश्त 4 करोड़ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर अब विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ाने जा रही है,राज्य शासन द्वारा 21 अक्टूबर 2024 को अधिसूचना जारी कर ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिया था, यह सपना लंबे समय से क्षेत्रवासियों की जुबान पर था, जो अब साकार हो चुका है, इस उपलब्धि के पीछे क्षेत्र की भटगांव विधायक व कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की दृढ़ इच्छाशक्ति प्रमुख रही।

गौरतलब है कि नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर के गठन उपरांत राज्य सरकार द्वारा संचालन समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल बल्लू, उपाध्यक्ष श्यामू साहू, सदस्य शितिकांत स्वाई, धर्मेंद्र गुप्ता, मनी बग्गा, अनीता सिंह, प्रमिला साहू को नियुक्त किया गया था। समिति ने नगर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए 84 करोड़ रुपए का सिटी डेवलपमेंट प्लान तैयार कर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को भेजा था। इस योजना में सड़कों का चौड़ीकरण, नालियों का निर्माण, पेयजल व्यवस्था में सुधार, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, पार्कों का निर्माण, सार्वजनिक भवनों का नवीनीकरण और नगर के सौंदर्यीकरण जैसे अनेक कार्य शामिल थे, लेकिन राज्य सरकार द्वारा संचालन समिति के कार्य अवधि पूर्ण होने के महीनों बाद समिति द्वारा तैयार किए गए विकास योजना को स्वीकृति प्रदान कर पहली किस्त के रूप में 4 करोड़ रुपए की राशि जारी कर दी गई है। यह राशि आने वाले दिनों में नगर में आधारभूत विकास कार्यों की शुरुआत के लिए उपयोग में लाई जाएगी। कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव द्वारा इस योजना को प्राथमिकता दी गई। इसके लिए संचालन समिति के पूर्व अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल बल्लू, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी और नगर पंचायत संचालन समिति के पूर्व पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री और कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के प्रति आभार व्यक्त किया है।नगर पंचायत शिवनंदनपुर प्रबंधन द्वारा अब विकास कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। उम्मीद है कि नवंबर माह के भीतर ही सड़कों, नालियों, पेयजल टंकी, हाईमास्ट लाइट और सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण जैसे कार्य शुरू हो जाएंगे। नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद अब विकास योजना को मंजूरी मिलने की खबर से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। नागरिकों का कहना है कि अब शिवनंदनपुर का कायाकल्प होगा। अब यहां बेहतर सड़कें, जल निकासी व्यवस्था, रोशनी से जगमग गलियां और स्वच्छ वातावरण देखने को मिलेगा। नगर पंचायत प्रशासन का कहना है कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और जनभागीदारी को प्राथमिकता दी जाएगी। आगामी चरणों में नगर के हर वार्ड में प्राथमिकता के आधार पर कार्यों की रूपरेखा तय की जाएगी।




**क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि**



शिवनंदनपुर को नगर पंचायत बनाने की मांग वर्षों से की जा रही थी। अब जब विकास की पहली किश्त मिल गई है, तो क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। यह विकास की दिशा में बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व में शिवनंदनपुर आने वाले वर्षों में एक मॉडल नगर बनेगा।

-**कृष्णा अग्रवाल बल्लू**
पूर्व अध्यक्ष, संचालन समिति



नगर पंचायत शिवनंदनपुर का यह कदम न केवल स्थानीय स्तर पर विकास की दिशा में एक उदाहरण बनेगा, बल्कि जो मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति वर्षों बाद भी पूरी नहीं हो सकी थी, वह भी अब आसानी से पूरी हो जाएगी। नपं शिवंदनपुर के विकास को भविष्य में और भी गति सभी के जन आकांक्षाओं के अनुरूप मिलेगी, ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है।

-**श्यामू साहू,** भाजपा शिवनंदनपुर मंडल मंत्री



शिवनंदनपुर ग्राम पंचायत के समय भाजपा के शासन काल में फंड को लेकर हमेशा ही कोताही बरती गई थी। भाजपा के 15 वर्षों के शासन काल में जब कोई विकास कार्य नहीं करवा पाई और जब आज नगरीय निकाय का चुनाव नजदीक है, तो भाजपा वालों के पास वोट मांगने का कोई कारण नहीं है, तो फंड दिया गया है। शासन ने नगर को विकास कार्यों के लिए 4 करोड़ रुपए दिए हैं। अच्छा होगा कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर के सभी 15 वार्डों में समान रूप से बिना कोई भेदभाव के निर्माण कार्य होनी चाहिए और कार्यों के गुणवत्ता पर भी ध्यान देना चाहिए।

-**विमला देवी**, पूर्व सरपंच, शिवनंदनपुर

## 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**रामचंद्रपुर।** प्रदेश संगठन के आह्वान पर तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने विस चुनाव के दौरान कर्मचारियों के लिए घोषित मोदी की गारंटी के संबंध में 9 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कर्मचारियों को महंगाई भत्ता, पेंशनरों की महंगाई राहत, डीए एरियर्स की राशि जीपीएफ खाते में समायोजित करने, सेवानिवृत्ति पर कर्मचारियों को 300 का अवकाश नगरीकरण संविदा एवं अनियमित कर्मचारियों का नियमितीकरण सभी संवर्ग के अधिकारी-कर्मचारियों को चार स्तरीय वेतनमान, लिपिक सहित अन्य संवर्ग के कर्मचारियों की वेतन विसंगति को दूर करके, शिक्षक एलबी संवर्ग की सेवा प्रथम नियुक्ति तिथि से गणना करके, कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने, अनुकंपा नियुक्ति की सीलिंग समाप्त करने की मांग की है। इस दौरान जिलाध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता, हेमंत कुमार महंत, अब्राहम तिर्की, अनिल यादव, अतुल कुमार, वीरेन्द्र खाखा आदि उपस्थित थे।




## रामगढ़ में हुआ रजवार समाज का क्षेत्रीय सम्मेलन





हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

रजवार समाज कुदरगढ़ व ओडगी का क्षेत्रीय सम्मेलन रामगढ़ में आयोजित किया गया। जिला रजवार समाज के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं मां कुदरगढ़ी के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। कार्यक्रम में कुदरगढ़ क्षेत्र समिति के सभी ग्राम समितियो के सामाजिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में सामाजिक नियमावली की जानकारी दी गई एवं सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने तथा नशा मुक्ति के संबंध में तथा कई सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। सम्मेलन में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले मेघावी छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं समाज सेवक वृधजनों को श्रीफल साल देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में समाज के संरक्षक पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े, मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े, जिला अध्यक्ष अरूण कुमार राजवाड़े, जिला सचिव मुकेश राजवाड़े, कोषाध्यक्ष दिनेश राजवाड़े, सह-सचिव हौसला राजवाड़े, लोकनाथ राजवाड़े, चिंतावन राजवाड़े, चन्द्रभान राजवाड़े, बद्री विशाल, परमानन्द, महिला संगठन मंत्री श्रीमती उमा राजवाड़े, कुलन राजवाड़े, मीना राजवाड़े, क्षेत्र अध्यक्ष केशव प्रसाद, मोहन राजवाड़े, शान्ता राजवाड़े, कमल प्रताप, लालमन व कुदरगढ़ क्षेत्र के ग्राम समिति के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी व ओडगी क्षेत्र के समस्त ग्राम समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी सहित समाज के लोग मौजूद थे।

